


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ मंगलवार,19,अगस्त 2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


# CP Radhakrishnan

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन का स्वागत; पीएम मोदी ने विपक्ष से की समर्थन की अपील राष्ट्रीय



जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को मंगलवार को सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक में सम्मानित किया गया। राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई सहयोगियों सहित उनके शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नेताओं खासकर विपक्ष से राजग उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा। राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों वाले निर्वाचक मंडल में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास पर्याप्त बहुमत होने की वजह से विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से अपना उम्मीदवार उतारने और चुनाव लड़ने के संकेत मिलने के बावजूद राधाकृष्णन की जीत तय मानी जा रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता राधाकृष्णन (67) वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे मूलत: तमिलनाडु से आते हैं।एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बैठक में परिचय कराया गया। एनडीए के फ्लोर लीडर्स, सांसदों ने सीपी राधाकृष्णन जी का गर्मजोशी से स्वागत किया उन्हें बधाई दी और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। एनडीए संसदीय दल की बैठक में उनका परिचय प्रधानमंत्री मोदी ने कराया।' उन्होंने बताया, 'परिचय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है कि पूरी पार्टी और सभी दलों के सांसद एकजुट होकर उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए की ओर से तय किए गए

# PM Modi Shubhanshu Meet

**पीएम मोदी और शुभांशु के बीच क्या बात हुई? वीडियो साझा कर प्रधानमंत्री ने खुद बताया** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया।अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए एक्सिओम-4 मिशनरिक्षके पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने बीते दिन यानी सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उनके बीच काफी लंबी, विस्तृत और रोचक बातचीत हुई। इससे जुड़ा करीब 10 मिनट का वीडियो पीएम मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' साझा किया। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुक्ला से कहा कि आपका अनुभव हमारे गगनयान मिशन के लिए बहुमूल्य होगा। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए हमें 40-50 अंतरिक्ष यात्रियों का एक समूह चाहिए। इसे लेकर शुभांशु ने प्रधानमंत्री से कहा कि भारत के गगनयान मिशन में दुनिया भर में काफी रुचि है वीडियो में



सबसे पहले कुछ अहम अंश दिखाए गए, जिसमें शुभांशु भारत की संभावनाओं पर बात करते दिखाए गए। पीएम मोदी ने शुभांशु से उस होमवर्क के बारे में भी पूछा, जो उन्होंने पिछली बातचीत के दौरान ग्रुप कैप्टन को सौंपा था। पीएम मोदी ने शुभांशु से मूंग और मेथी के प्रयोग के बारे में भी पूछा। इस दौरान शुभांशु ने बताया कि मिशन के दौरान उनके साथी उनसे हस्ताक्षर करा कर ले गए हैं कि जब भी आपका गगनयान मिशन जाएगा, आप हमें न्योता जरूर देंगे।बातचीत के दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'अंतरिक्ष स्टेशन पर खाना एक बड़ी चुनौती है, जगह कम होती है और सामान महंगा होता है। आप हमेशा कम से कम जगह में ज्यादा से ज्यादा कैलोरी और पोषक तत्व पैक करने की कोशिश करते हैं। हर तरह से प्रयोग चल रहे हैं।उन्होंने कहा, 'मैं जहां भी गया, जिससे भी मिला, सभी मुझसे मिलकर बहुत खुश हुए, बहुत उत्साहित हुए। सबसे बड़ी बात यह थी कि सभी को पता था कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में क्या कर रहा है। सभी को इस बारे में पता था और कई लोग ऐसे भी थे जो मुझसे भी ज्यादा गगनयान को लेकर उत्साहित थे, जो आकर मुझसे पूछ रहे थे कि आपका मिशन कब शुरू हो रहा है।'

# बिजली निजीकरण मामला

## संघर्ष समिति ने सीएम को भेजा पत्र, लिखा- ओडिशा और चंडीगढ़ का विफल मॉडल यूपी पर न थोपा जाए

बिजली निजीकरण मामले में संघर्ष समिति ने सीएम योगी को पत्र भेजा है। इसमें लिखा कि ओडिशा और चंडीगढ़ का विफल मॉडल यूपी पर न थोपा जाए। निजीकरण को रद्द किया जाए। उत्तर प्रदेश में इन दिनों बिजली निजीकरण का मुद्दा गरमाया हुआ है। इसी कड़ी में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। इसमें ओडिशा और चंडीगढ़ का विफल मॉडल यूपी पर न लागू करने की मांग की है। पदाधिकारियों ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे सुधार को देखते हुए निजीकरण का प्रस्ताव तत्काल रद्द किया जाए।



सीएम को भेजे पत्र में पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल व दक्षिणांचल निगमों के निजीकरण के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर के चयन में चंडीगढ़ मॉडल को अपनाया गया है। **चंडीगढ़ में 24 घंटे आपूर्ति का दावा था, लेकिन कटौती से वहां विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।** छह माह में ही हालात इतने खराब हो गए हैं कि मुख्य सचिव को अपने हाथ में कमान लेनी पड़ी है। ऐसे में यह मॉडल यूपी में लागू न होने दिया जाए। वहीं, समिति की ओर से निजीकरण के विरोध में सभी जिलों एवं परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन जारी रहा।छह माह में ही हालात इतने खराब हो गए हैं कि मुख्य सचिव को अपने हाथ में कमान लेनी पड़ी है। ऐसे में यह मॉडल यूपी में लागू न होने दिया जाए। वहीं, समिति की ओर से निजीकरण के विरोध में सभी जिलों एवं परियोजना मुख्यालयों पर प्रदर्शन जारी रहा।

# Mumbai Rains

## मुंबई में आफत की बारिश; सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित, स्कूल-कॉलेज समेत सरकारी कार्यालय बंद

महाराष्ट्र में कई हिस्सों में बारिश से बुरा हाल है। मुंबई में तो हालात बद से बदतर हो गए हैं। शहर के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। इस वजह से स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। बीएमसी ने सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालय बंद रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। निजी कंपनियों से अपील की गई है कि वे 19 अगस्त को कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दें। भारी बारिश और जगह-जगह जलभराव की वजह से सड़क यातायात बुरे तरह प्रभावित हुए हैं। लोकल ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं। मौसम की मार हवाई यातायात पर भी पड़ी है। इंडिगो समेत कई एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इंडिगो एयरलाइंस ने ट्वीट में लिखा, 'मुंबई में भारी बारिश के कारण हवाई अड्डे के कई मार्गों पर जलभराव और यातायात धीमा हो गया है। इसके कारण परिचालन संबंधी



चुनौतियां पैदा हुई हैं, जिससे प्रस्थान और आगमन दोनों में देरी हो रही है। हमें इससे होने वाली असुविधा के लिए खेद है।लगातार हो रही बारिश और आईएमडी की ओर से जारी 'रेड अलर्ट' की चेतावनी के मद्देनजर मुंबई में स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। आईएमडी ने मंगलवार को मुंबई और आसपास के शहरों में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश का अनुमान जताया है। उच्च शिक्षा निदेशालय ने भारी बारिश के मद्देनजर महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के सभी वरिष्ठ कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी है।

# Aaj Ka Rashifal 19 August

## वृषभ, कर्क और कुंभ राशि वालों को मिल सकती है कोई अच्छी खबर

19 August Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 19 अगस्त 2025 का राशिफल।को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है।




### मेष

आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। व्यापार में कुछ उलझनें बनी रहेगी। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप कहीं घूमने-फिरने जाने की योजना बना सकते हैं। यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसको लेकर आप ढील बिल्कुल ना दें और अपने कामों पर पूरा फोकस बनाएं। आपको अपने आलस्य को त्यागकर आगे बढ़ना होगा। विद्यार्थी किसी खेलकूद से संबंधित प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों के लिए दिन बढ़िया रहेगा।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए धन के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपका धन को लेकर हाथ भी खुला रहेगा और धन आगमन के रास्ते भी खुलेंगे, क्योंकि आप बिजनेस के साथ-साथ किसी दूसरे काम की भी तैयारी कर सकते हैं, लेकिन आप अपनी आंख और कान खुले रखकर काम करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आस पड़ोस में लोगों से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। संतान के मनमौजी स्वभाव के कारण आपकी उनसे खटपट हो सकती है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सेहत में समस्याएं लेकर आएगा। आप यदि किसी बात को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी और पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर भी आप एकमत रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कुछ सामाजिक गतिविधियों में भाग लेंगे। आपकी कोई कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा।

### कर्क

आज आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अपने अनुभवों का पूरा लाभ उठाएंगे, लेकिन आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। विदेश जाकर व्यापार कर रहे लोगों को कोई अच्छा मौका मिलेगा। आप अपनी संतान की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट हो सकता है। आपको कुछ अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। व्यापार में आपकी किसी योजना को लेकर आप परेशान थे, तो वह भी आपको बेहतर लाभ देगी। आप किसी के साथ पार्टनरशिप में हाथ मिला सकते हैं। वैवाहिक जीवन में नयापन आएगा, जिससे आप पुरानी समस्याओं को भूलकर आगे बढ़ेंगे। आपका रिश्ता और मजबूत होगा, लेकिन आपकी किसी बात को लेकर माताजी से आपकी झड़प हो सकती है, जिससे रिश्ते में कड़वाहट बढ़ेगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए कोर्ट-कचहरी से संबंधित मामले में सफलता दिलाने वाला रहेगा, लेकिन आप अपने धन का खास ख्याल रखें। यदि आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिले, तो आपको उसमें भी ध्यान देना होगा। आपको भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा और आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी जल्दबाजी के कारण कार्यक्षेत्र में कोई गड़बड़ी हो सकती है। आपके बॉस को आपके दिए गए सुझाव पसंद आएगा। आपके प्रमोशन के बाद भी आगे बढ़ सकते हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपके कामों में कुछ नयी समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, जिन्हें आप भाई व बहनों की मदद से मिलकर दूर करेंगे। आपकी जल्दबाजी की आदत के कारण समस्याएं बढ़ेंगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लग सकती है। व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपका कोई पारिवारिक मामला आपको टेंशन दे सकता है। आपकी कुछ नया काम करने की इच्छा जागृत हो सकते हैं। आपको किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचना होगा। आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे, जिससे आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे। लापरवाही आपकी समस्याओं को बढ़ा सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की किसी बड़े नेता से मुलाकात होगी, जिससे उनके छवि और निखरेगी। आप कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बने, नहीं तो इससे आपके विरोधी बढ़ेंगे और पारिवारिक रिश्ते में भी कड़वाहट खड़ी हो सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको परिवार में बुजुर्गों का पूरा साथ मिलेगा, उनके आशीर्वाद से आप अपने कामो में आगे बढ़ेंगे और सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात हो सकती है। आप दोनों एक दूसरे को बेहतर जानने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कुछ विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिनसे आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देंगे।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आप अपने खर्चों को लेकर थोड़ा योजना बनाकर चलें। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं और आप अपने किसी पुराने लेनदेन को लेकर यदि परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले।

### मीन

आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी से पार्टनरशिप की थी, तो वह आपके व्यापार में अच्छा खासा ध्यान लगाएंगे, लेकिन आप योजनाओं में बदलाव थोड़ा सोच समझकर करें। आप किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं। आप किसी अजनबी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। संतान आपसे पढ़ाई लिखाई को लेकर कोई बातचीत कर सकती है। आपको उनकी टेंशनों को दूर करना होगा।

जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

# Uttarakhand

## एक साल बाद फिर टूटा ग्रीष्मकालीन राजधानी का सन्नाटा, विकास की नई इबारत की उम्मीदें जवां

उत्तराखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। एक साल बाद फिर ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण का सन्नाटा टूटा। चार दिवसीय विधानसभा मानसून सत्र के लिए सरकार, विपक्ष जुटा गैरसैंण में जुटे हैं। एक साल इंतजार के बाद प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण का सन्नाटा फिर टूट गया है। मंगलवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र के लिए सरकार और विपक्ष दोनों भराड़ीसैंण पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही एक बार फिर ग्रीष्मकालीन राजधानी और प्रदेश को इस सत्र से एक नई रोशनी निकलने की उम्मीद जवां हो गई है।



पिछले साल विधानसभा का मानसून सत्र 21 अगस्त से गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा में हुआ था। इस बार का मानसून सत्र 19 अगस्त से होने जा रहा है। एक साल में तमाम राजनीतिक उठापटक हुईं। राजधानी देहरादून में बजट सत्र हुआ, लेकिन एक साल से गैरसैंण और भराड़ीसैंण में सन्नाटा पसरा था।सोमवार से गैरसैंण का सन्नाटा टूट गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जहां अपने मंत्रियों और विधायकों की फौज के साथ मोर्चे पर डट गए हैं तो वहीं विपक्ष भी हमला करने के लिए गैरसैंण में एकजुट हो चुका है। एक साल में देहरादून से गैरसैंण के बीच क्या बदला, इस बार की आपदा के जख्म पूरे रास्ते नजर आ रहे हैं। जनता की जद्दोजहद जारी है।इन सब दुश्वारियों के बीच पहुंची सरकार से पहाड़ की उम्मीद एक बार फिर जवां हो गई हैं। पहाड़वासी अब इस उम्मीद में हैं कि टूटी सड़कों से गुजरकर सरकार ने जो दर्द महसूस किया होगा, जरूर इस विधानसभा में उसकी दवा मिलेगी। पहाड़ के विकास को इस सत्र से एक बार फिर चार चांद लगने की ख्वाहिश में इजाफा हो गया है।मानसून के सीजन में जहां बारिश रोजाना पहाड़ की परीक्षा ले रही है तो वहीं सरकार और उसके अधिकारी भी मुश्किल परीक्षा से निकलकर यहां तक पहुंचे। दिनभर सरकार की गाड़ियां मलबे और भू-स्खलन के खतरे से जूझती हुई गैरसैंण तक पहुंचने में कामयाब रहीं। कहा जा रहा है कि अब सरकार का पहाड़ चढ़ने का जुनून हो तो कोई चुनौती असंभव नहीं।

# Bareilly Murder Case

## महंगी कार के शौक ने बनाया कातिल, ममेरे भाई को बेरहमी से मारा; आरोपी वसीम का कबूलनामा

Bareilly News: बरेली में अपने ममेरे भाई की हत्या करने के आरोपी वसीम से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने चौंकाने वाली बातें बताईं। पुलिस जांच के मुताबिक आरोपी को अच्छे रहन-सहन, महंगी कार, बाइक, मोबाइल फोन खरीदने का शौक है। वह कारखाना भी खोलना चाहता था। इसके लिए रुपयों की जरूरत थी। इस पर वसीम ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव



टिटौली निवासी वसीम ने ममेरे भाई आहिल (10) का अपहरण कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी रकम नहीं मिलने और पकड़े जाने के डर से ब्लेड से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दोनों पैरों में गोली मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने जो कुछ भी बताया, उसे जानकर हर कोई हैरान है। पुलिस के मुताबिक आरोपी वसीम को अच्छे रहन-सहन, महंगी कार, बाइक, मोबाइल फोन खरीदने का शौक है। वह फर्नीचर का कारखाना भी खोलना चाहता था। उसे रुपयों की जरूरत थी। इसके लिए उसने अपने मामा सखावत नबी के बेटे आहिल को अगवा कर फिरौती मांगने की साजिश रची। पकड़े जाने के डर से उसे मार डाला। आरोपी वसीम ने पुलिस को बताया कि वह कक्षा तीन तक ही पढ़ा है। कई साल पहले अपने भाई के पास हैदराबाद चला गया। वहां फर्नीचर कारीगर के तौर पर काम किया और अच्छी कमाई की। उसे अच्छे रहन-सहन, महंगी कार, बाइक, मोबाइल फोन खरीदने का शौक है।

# Manika Vishwakarma

## मनिका विश्वकर्मा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया 2025, विश्व मंच पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



**मनिका विश्वकर्मा के सिर पर मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज सज गया है। अब वह 74वें मिस यूनिवर्स कॉम्पिटिशन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।** मनिका विश्वकर्मा का सपना सच हो गया। वह मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 बन चुकी हैं। इस साल के आखिर में वह थाईलैंड में होने वाले 74वें मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस ब्यूटी पेजेंट ने मनिका विश्वकर्मा का जीवन बदल दिया, उन्हें अधिक आत्मविश्वासी बना दिया है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज सिर पर सजने के बाद मनिका विश्वकर्मा कहती हैं, **'मेरा सफर शहर गंगानगर से शुरू हुआ।** मैं दिल्ली आई और इस ब्यूटी कॉम्पिटिशन की तैयारी की। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करती हूं जिन्होंने मेरी मदद की और मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। यह ब्यूटी कॉम्पिटिशन एक खास दुनिया है, यहां हमारे अलग ही पर्सनालिटी, कैरेक्टर डेवलप होता है। यह जिम्मेदारी एक साल भर की नहीं, जिंदगी भर के लिए मेरे साथ रहेगी।' **मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 की ज्यूरी मेंबर के तौर पर एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला भी इवेंट में मौजूद थीं।** वह मनिका विश्वकर्मा की जीत पर खुश हैं। **उर्वशी कहती हैं, 'कॉम्पिटिशन बहुत मुश्किल था, लेकिन विनर हमारे साथ है। हमें बहुत खुशी है कि मनिका विनर बनीं। अब वह मिस यूनिवर्स में हमें जरूर गर्व करने का मौका देंगी।'**

## आमिर खान की '3 इडियट्स' में अभिनय करने वाले पोतदार का निधन, 91 की उम्र में ली अंतिम सांस




**Achyut Potdar Passed away:** आमिर खान की फिल्म में प्रोफेसर की भूमिका में नजर आए चर्चित अभिनेता अच्युत पोतदार के निधन की खबर है।91 साल की उम्र में अभिनेता अच्युत पोतदार ने अंतिम सांस ली है। वह हिंदी फिल्मों में सहायक भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स' में अच्युत पोतदार ने एक प्रोफेसर का रोल किया था। उनका फिल्म में एक चर्चित डायलॉग था, **'अरे कहना क्या चाहते हो?'** यह डायलॉग फिल्म के बाद काफी पॉपुलर हुआ, मीम्स की दुनिया में भी यह डायलॉग खूब इस्तेमाल किया जाता है। अभिनेता अच्युत पोतदार की तबियत 18 अगस्त को अचानक खराब हुई, उन्हें हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन वह स्वस्थ्य ना हो सके। अब उनके निधन की खबर सामने आई, इस खबर से सिनेमा जगत में शोक की लहर है। 19 अगस्त यानी मंगलवार को अच्युत पोतदार का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मध्य प्रदेश के रीवा में प्रोफेसर के तौर पर अच्युत ने काम किया। फिर वह सेना में शामिल हुए। 1967 में कैप्टन के पद से रिटायर हुए। आगे चलकर उन्होंने इंडियन ऑयल कंपनी में काम किया। यही काम करते हुए वह थिएटर से जुड़ गए, स्टेज पर प्ले में एक्टिंग करने लगे। फिर 44 साल की उम्र में फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। वह फिल्म '3 इडियट्स' में प्रोफेसर का रोल निभाकर ही मशहूर हुए थे। सिर्फ आमिर खान की '3 इंडियट्स' में ही अच्युत ने अभिनय नहीं किया। वह कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा बने। वह 'दबंग 2', 'फेरारी की सवारी' और अमिताभ बच्चन की 'भूतनाथ' में भी नजर आए थे। टीवी सीरियल 'अमिता का अमित' उन्होंने अभिनय

## कौन हैं फैसल खान, कैसा रहा करियर; भाई आमिर पर अब तक क्या-क्या आरोप लगाए?



**Faissal Khan Alleges Aamir Khan:** आमिर खान के भाई फैसल ने एक बार फिर अपने परिवार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। चलिए जानते हैं आखिर कौन हैं फैसल और अब तक उनका करियर कैसा रहा। मोहम्मद फैसल हुसैन खान, जिन्हें हम फैसल खान के नाम से जानते हैं। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के छोटे भाई फैसल का जीवन फिल्मों से ज्यादा अपने विवादों और पारिवारिक झगड़ों को लेकर चर्चा में रहा है। अभिनय की दुनिया में वो जितना कामयाब नहीं हो सके, उतना ही ज्यादा उन्होंने अपने निजी जीवन में उतार-चढ़ाव देखे। 3 अगस्त 1966 को मुंबई में जन्मे फैसल खान हिंदी सिनेमा के एक प्रतिष्ठित परिवार से आते हैं। उनके पिता ताहिर हुसैन फिल्म निर्माता थे, जबकि उनके चाचा नासिर हुसैन एक नामी निर्देशक थे। उन्होंने बचपन में 1969 की फिल्म 'प्यार का मौसम' में शशि कपूर के बचपन का किरदार निभाकर अपने अभिनय की शुरुआत की थी।





1988 में भाई आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' में खलनायक के रूप में एक छोटी भूमिका से उन्होंने फिल्मों में कदम रखा। इसके बाद मदहोश (1994) में पहली बार मुख्य भूमिका मिली, लेकिन फिल्म असफल रही। 2000 में आई मेला में आमिर के साथ काम किया, जो बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली, पर फैसल के अभिनय की सराहना हुई। इसके बाद उनका करियर धीमे-धीमे ढलता चला गया। अब वर्षों के बाद फैसल ने परिवार पर और भी गंभीर आरोप लगाए। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि उनके परिवार के लोग खुद कई बार शादी और तलाक के दौर से गुजरे हैं, लेकिन वो खुद पर निर्णय लेने की आजादी नहीं पाते।


# Thama Teaser

## सामने आया मैडॉक की अगली फिल्म 'थामा' का टीजर, इस बार हॉरर के साथ लव स्टोरी देखेंगे दर्शक




**Thama Teaser Out:** दिनेश विजन की अगली फिल्म है 'थामा'। इसमें आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना लीड रोल में हैं। आज मंगलवार को फिल्म का टीजर जारी हुआ है। मैडॉक फिल्म्स के हॉरर यूनिवर्स की फिल्में 'स्त्री' और 'स्त्री 2' जबर्दस्त हिट रही हैं। अब इस यूनिवर्स की अगली फिल्म आ रही है, जिसका नाम है 'थामा'। इसमें आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म से दोनों के फर्स्ट लुक पहले ही रिवील हो चुके हैं। आज इसका टीजर भी सामने आ गया है। जानते हैं कैसा है टीजर? मैडॉक फिल्म के यूट्यूब चैनल से फिल्म 'थामा' का टीजर जारी किया गया है। 'थामा' दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-मैडॉक फिल्म के यूट्यूब चैनल से फिल्म 'थामा' का टीजर जारी किया गया है। 'थामा' दिनेश विजन के मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पहली लव स्टोरी है फिल्म है। टीजर की शुरुआत में आयुष्मान खुराना और रश्मिका को जंगल में दिखाया गया है। सवाल सुनाई देता है, **'रह पाओगी मेरे बिना? 100 साल तक'। जवाब मिलता है, '100 साल तो क्या, एक पल के लिए भी नहीं'** फिल्म 'थामा' का टीजर करीब 1 मिनट 49 सेकेंड का है। काफी दिलचस्प है। इस फिल्म के टीजर में मलाइका अरोड़ा की भी डांस करते हुए झलक है, इनके अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल जैसे सितारे भी 'थामा' का हिस्सा हैं। यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर दुनियाभर के थिएटर्स में दस्तक देगी।

## War 2: क्या तय समय से पहले OTT पर रिलीज होगी 'वॉर 2'? जानें किस प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे ऋतिक-एनटीआर की फिल्म




War 2 Ott Release: ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की एक्शन ड्रामा फिल्म 'वॉर 2', 14 अगस्त 2025, को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म जल्द ही ओटीटी पर उपलब्ध होगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के एक्शन से भरपूर फिल्म 'वॉर 2' दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। यह फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। जानिए सिनेमाघरों के बाद अब फिल्म 'वॉर 2' कौन से ओटीटी प्लेटर्म पर रिलीज होगी। वॉर 2 ने पहले दिन 52 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला। वहीं फिल्म ने दूसरे दिन शुक्रवार को 57.35 करोड़ रुपये की कमाई की और तीसरे दिन शनिवार को फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। फिल्म ने चौथ दिन रविवार को 32.15 करोड़ रुपये और पांचवें दिन सोमवार को 8.4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं आज अभी तक फिल्म ने छठे दिन 5 लाख रुपये की कमाई की है, ये आंकड़े पूरे दिन में बदलेंगे। वहीं फिल्म ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 183.65 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

# Gold Silver Price

Gold Silver Price: सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त का सिलसिला जारी है। बुधवार को सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई।स्टॉकिस्टों की मजबूत खरीदारी के बीच बुधवार को राजधानी में सोने का भाव 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज)



सौमिल गांधी ने कहा कि बुधवार को सोने में मध्यम सकारात्मक रुख रहा। सुरक्षित निवेश की मांग जारी रहने से कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी आई।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दवा आयात पर नए टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि टैरिफ की शुरुआत कम होगी, लेकिन समय के साथ यह 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अलावा ट्रम्प ने संकेत दिया कि सेमीकंडक्टर और चिप्स पर टैरिफ के संबंध में घोषणा जल्द ही की जाएगी।गांधी ने कहा कि इस टैरिफ संबंधी अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर जोखिम प्रीमियम बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी दिन में बाद में फेडरल रिजर्व के सदस्यों के भाषणों पर नजर रखेंगे। यह बुलियन कीमतों की दिशा के बारे में आगे मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

# घरेलू शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 150 अंक उछला, निफ्टी 24600 के पार

घरेलू शेयर में गुरुवार को तेजी देखी गई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 154.07 अंक चढ़कर 80,693.98 पर पहुंचा। ऐसे ही निफ्टी 45 अंक बढ़कर 24,664.35 पर आ गया। ऐसे ही शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे गिरकर 87.49 पर आ गया। एचडीएफसी बैंक और टीसीएस जैसे ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच गुरुवार को शेयर बाजार में हरियाली दिखी। शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई। पिछले दिन की तेजी को जारी रखते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 154.07 अंक चढ़कर 80,693.98 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला



एनएसई निफ्टी 45 अंक बढ़कर 24,664.35 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, मारुति और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे ज्यादा फायदे में दिखी। हालांकि, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एनटीपीसी और अदानी पोर्ट्स पिछड़ते नजर आए। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,644.43 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,623.79 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।एशियाई बाजारों में शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहा था, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे।

# Market Closing Bell



Sensex-Nifty Closing Bell: हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को भारतीय बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 73.35 अंक गिरकर 24,574.20 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं, बाजार का हाल विस्तार से।आरबीआई ने ब्याज दरों को 5.5 प्रतिशत पर तटस्थ रखने का फैसला किया। इस फैसले से दर संवेदनशील क्षेत्रों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को बाजार मामूली गिरावट के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 261.43 अंक या 0.32 प्रतिशत गिरकर 80,448.82 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ।

# गवर्नर ने खारिज किया ट्रंप का 'मृत अर्थव्यवथा का बयान,

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था के बयान को खारिज करते हुए कहा,



भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से काफी अधिक है। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक का ब्योरा देते हुए बुधवार को कहा, हम वैश्विक वृद्धि में करीब 18 फीसदी योगदान दे रहे हैं। यह करीब 11 फीसदी का योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। जहां तक मृत अर्थव्यवस्था की बात है तो, भारतीय जीडीपी के चालू वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2 फीसदी रहने का अनुमान है। वैश्विक वृद्धि दर तीन फीसदी रह सकती है।

# कम हो सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ओपेक देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब वह हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। तेल उत्पादन बढ़ाने के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ गठबंधन के सदस्य देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब ओपेक देश हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। ओपेक देशों के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। अभी तक ये देश अपनी मर्जी से कम तेल उत्पादन कर रहे थे। उन्होंने यह कम उत्पादन नवंबर 2023 में शुरू किया था, जिसे सितंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की



योजना थी। लेकिन अब यह फैसला किया गया है कि वे स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को तय समय से पहले ही समाप्त कर देंगे।इससे पहले जुलाई में भी ओपेक+ ने फैसला किया था कि अगस्त में वे हर दिन 548,000 बैरल तेल ज्यादा बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाजार की स्थिति ठीक नहीं रही, तो वे फिर से उत्पादन कम कर सकते हैं। जब उत्पादन बढ़ता है, तो आमतौर पर तेल और गैसोलीन की कीमतें गिर सकती हैं। लेकिन शोध फर्म क्लियरव्यू एनर्जी

# रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी पैसों की दिक्कत

## 8 हजार रुपये निवेश करके इतने वर्षों में जुटा सकते हैं 2.26 करोड़

आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं।बीते वर्षों में प्राइवेट सेक्टर का दायरा बढ़ा है। वहीं सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम के खत्म होने के बाद सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी भी अपने रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी को लेकर चिंतित रहते हैं। अगर समय रहते रिटायरमेंट के बाद के जीवन को लेकर फाइनेंशियल प्लानिंग न की जाए, तो 60 की उम्र के बाद व्यक्ति को आर्थिक दिक्कतें परेशान करने लगती हैं। इस कारण आपको नौकरी करने के साथ-साथ किसी अच्छी जगह पर निवेश करना जरूरी




है, ताकि आप रिटायरमेंट के बाद अपने लिए अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकें। इसी सिलसिले में आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं। इसमें आपको म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करना है। कई म्यूचुअल फंड स्कीम्स ने बीते वर्षों में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक यहां से आप लॉन्ग टर्म में अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकते है

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612















# Asia Cup

## क्या एशिया कप में खेलते नजर आएंगे बुमराह, अक्षर-गिल उपकप्तानी के दावेदार; कैसी दिख सकती है टीम?

एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौ से 28 सितंबर तक होना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए टीम का चयन कर सकती है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्पोर्ट्स साइंस टीम सभी खिलाड़ियों का मेडिकल बुलेटिन कब भेजती है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज समाप्त होने के बाद अब सभी की नजरें अगले महीने होने वाले एशिया कप पर टिकी हुई हैं। इंग्लैंड दौरे पर कार्यभार प्रबंध चलते तीन टेस्ट खेलने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत





बुमराह की उपलब्धता को लेकर संशय चल रहा है, लेकिन ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वह एशिया कप में खेल सकते हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, बुमराह को इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल किया जाएगा, लेकिन वह अक्तूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले शुरुआती टेस्ट का हिस्सा नहीं होंगे।28 सितंबर तक होना है एशिया

# IND vs PAK: रद्द हो जाएगा

## भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाला एशिया कप मैच? अमीरात बोर्ड के अधिकारी ने दिया जवाब

इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का सामना पाकिस्तान से 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर होना है जबकि तीसरा मुकाबला ओमान से 19 सितंबर को अबु धाबी में खेला जाएगा। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से इनकार कर देना चाहिए। हालांकि, अब तक इस पूरे मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले एशिया कप के मुकाबले को लेकर कयासों का दौर जारी है। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। हालांकि, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) का मानना है कि एशिया कप में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच



खेले जाने वाले एशिया कप के मुकाबले को लेकर कयासों का दौर जारी है। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि टीम इंडिया को पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेलना चाहिए। हालांकि, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) का मानना है कि एशिया कप में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।ऐसी ही स्थिति एशिया कप में भी बनती दिख रही है। नौ सितंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसके बाद टीम का सामना पाकिस्तान से 14 सितंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर होना है जबकि तीसरा मुकाबला ओमान से 19 सितंबर को अबु धाबी में खेला जाएगा। भारतीय प्रशंसकों की मांग है कि भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से इनकार कर देना चाहिए। हालांकि, अब तक इस पूरे मामले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। इस बीच अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) सुभान अहमद ने द नेशनल से बात करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मैच के रद्द होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा, 'हम कोई गारंटी नहीं दे सकते, लेकिन एशिया कप की तुलना डब्ल्यूसीएल जैसे निजी आयोजन से करना ठीक नहीं है। जब एशिया कप में खेलने का फैसला लिया जाता है, तो पहले से सरकारी अनुमति ली जाती है।

# Hockey India

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत की कप्तानी में खेलने उतरेगी टीम

भारत 15 अगस्त से शुरू हो रहे इस दौरे में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में खेलने उतरेगा। टीम में कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया है।हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित कर दी है। यह दौरा एशिया कप की तैयारियों को देखते हुए अहम माना जा रहा है। भारत 15 अगस्त से शुरू हो रहे इस दौरे में हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में खेलने उतरेगा। टीम में कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया है। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालिफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से



29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा। इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नये खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।भारतीय टीम आठ अगस्त को बंगलूरू से ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, हमारा ध्यान शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।

## Kanpur News: दलीप ट्रॉफी में आगरा के ध्रुव जुरैल



कानपुर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की इस सत्र की पहली घरेलू प्रतियोगिता दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से शुरू होगी। इसके लिए गुरुवार को सेंट्रल जोन की टीम घोषित हुई। इसमें भारतीय विकेटकीपर, बल्लेबाज आगरा के ध्रुव जुरैल को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। कानपुर से चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और विकेटकीपर, बल्लेबाज उपेंद्र यादव भी खेलते दिखेंगे। सेंट्रल जोन का पहला मैच बंगलूरू स्थित सीईजी ग्राउंड में नार्थ जोन के साथ होगा। नार्थ जोन की कमान टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल के हाथों में है।दलीप ट्रॉफी में छह जोन की टीमें हिस्सा लेती हैं। साउथ और वेस्ट जोन की टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। शेष चार जोन के बीच नॉक आउट मैच 28 अगस्त से खेले जाएंगे। चार सितंबर को सेमीफाइनल मुकाबले और फाइनल मैच 18 को होगा। सभी मैच बंगलूरू में ही खेले जाएंगे।यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि सेंट्रल जोन की टीम में यूपीसीए के तीन खिलाड़ी ध्रुव जुरैल, आर्यन जुरैल और कुलदीप यादव शामिल हैं। टीम में शामिल कानपुर के उपेंद्र यादव वर्तमान में रेलवे की ओर से खेल रहे हैं। इसके अलावा स्टैंड बाय खिलाड़ियों में यूपीसीए के माधव कौशिक को भी लिया गया है।चाइनामैन कुलदीप इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में शामिल थे लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला था। वहीं, ऋषभ पंत के चोटिल होने के चलते ध्रुव जुरैल ने आखिरी टेस्ट मैच भी अपनी अहम भूमिका अदा की थी। इसके अलावा सेंट्रल जोन में शामिल एमपीसीए के रजत पाटीदार को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।सेंट्रल जोन टीम : ध्रुव जुरैल (कप्तान), कुलदीप यादव, आर्यन जुरैल (यूपीसीए), रजत पाटीदार (उपकप्तान), सारांश जैन, शुभम शर्मा (सभी एमपीसीए), धनेश मालेवर, आदित्य ठाकरे, यश राठौर,